॥ जैन भवन ॥

तित्थयर

वर्ष : २९ अंक : २ मई २००५

ज्ञान से पदार्थों को जाना जाता है,
दर्शन से श्रद्धा होती है,
चारित्र से कमास्त्रव की रोक होती है,
और तप से शुद्धि होती है।

Sethia Oil Industries Ltd.

Manufacturers of De-oiled Rice Bran, Mustard Deoiled Cakes, Neem deoiled Powder, Ground-nut De-oiled Cakes, Mahua deoiled cakes etc. And Solvent Extracted Rice Bran Oil, Neem Oil, Mustard Oil etc.

Plant
Post Box No. 5
Lucknow Road
Sitapur - 261001 (U.P.)
Ph: 42017/42397/42073 (05862)
Gram - Sethia - Sitapur
Fax: 42790 (05862)

Registered Office
143, Cotton Street
Kol - 700 007
Ph: 238-4329/ 8471/5738
Gram - Sethia Meal

Executive Office
2, India Exchange Place
Kolkata - 700 001
Ph: 2201001/9146/5055
Telex: 217149 SOIN IN
FAX: 2200248 (033)

तित्थयर

श्रमण संस्कृति मूलक मासिक पत्रिका

वर्ष - २९ अंक - २, मई, २००५

लेख, पुस्तक समीक्षा तथा पत्रिका से सम्बन्धित पत्र व्यवहार के लिये
पता - Editor : Titthayar, P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007
Phone : 2268-2655, Website : www.info@jainbhawan.com
e-mail : info@jainbhawan.com

विज्ञापन तथा सदस्यता के लिये कृपया सम्पर्क करें —
Secretary, Jain Bhawan, P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007
Subscription for one year : Rs. 55.00, US$ 20.00,
for three years : Rs. 160.00, US$ 60.00,
Life Membership : India : Rs. 1000.00, Foreign : US$ 160.00

Published by Smt. Lata Bothra on behalf of Jain Bhawan from
P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007, Phone : 2268-2655
and Printed by her at Arunima Printing Works, 81, Simla Street
Kolkata - 700 007 Phone : 2241-1006

संपादन
डॉ. लता बोथरा,

अनुक्रमणिका

क्र. सं.	लेख	लेखक	पृ. सं.
१.	भगवान महावीर के जन्म, केवल्य एवं निर्वाण स्थल :	डॉ. सागरमल जैन	१४५
२.	प्राचीन स्मारकों की रक्षा के बहाने धर्मस्थानों पर सरकारी कब्जा	स्व. प्रभुदास बेचरदास पारेख	१५९
३.	वैर का विपाक		१६५
४.	निःशुल्क जैन साहित्य का प्रकाशन हो	भूरचन्द जैन	१७१

मूल्य - १०.०० रूपये

कवरपृष्ठ : जैसलमेर के ज्ञान भंडार से प्राप्त श्री सरस्वती देवी का चित्र।

Composed by:

Jain Bhawan Computer Centre, P-25, Kalakar Street Kolkata - 700 007

भगवान महावीर के जन्म, कैवल्य एवं निर्वाण स्थलः एक पुनर्विचार

— डॉ. सागरमल जैन

महावीर का जन्मस्थान :

जैन धर्म में चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर को एक ऐतिहासिक व्यक्ति के रूप में निर्विवाद रूप से मान्यता प्राप्त हो चुकी है। फिर भी दुर्भाग्य का विषय यह है कि न केवल उनके जन्म एवं निर्वाण काल के संबंध में अपितु उनके जन्मस्थान, कैवल्यज्ञान स्थल और निर्वाणस्थल को लेकर भिन्न-भिन्न प्रकार की मान्यताएं प्रचलित हैं। मात्र यही नहीं इन मान्यताओं के पोषण के निमित्त भी परम्पराओं के घेरे में आबद्ध होकर येन-केन-प्रकारेण अपने पक्षों को सिद्ध करने के लिये प्रयत्न और पुरुषार्थ भी किया जा रहा हैं। विगत ५० वर्षों में इन सब समस्याओं को लेकर विभिन्न पुस्तिकाएं और लेख आदि भी लिखे गये हैं। यह कैसा दुर्भाग्य है कि भगवान महावीर के समकालीन भगवान बुद्ध के जन्मस्थल, ज्ञानप्राप्तिस्थल और धर्मचक्रप्रवर्तनस्थल को लेकर सम्पूर्ण बौद्ध समाज एकमत है और उन ऐतिहासिक स्थलों के विकास के लिए प्राणपन से जुटा हुआ हैं, जबकि जैन समाज आज अपने क्षुद्र स्वार्थों अथवा अहंकारों के पोषण के लिये इस संबंध में मतैक्य नहीं बना सका। भगवान महावीर के जन्म स्थल को लेकर वर्तमान में तीन मान्यताएं प्रचलित हैं—

१) अधिकांश विद्वज्जन एवं इतिहासवेत्ता एवं केन्द्रशासन वैशाली के निकट कुण्डग्राम को उनका जन्म स्थान मानते हैं।

२) दिगम्बर परम्परा राजगृह और नालन्दा के निकटवर्ती बड़गांव या तथाकथित कुण्डलपुर को महावीर का जन्मस्थल मानते हैं।

३) श्वेताम्बर परम्परा बिहार में जमुही के निकट लछवाड़ को महावीर का जन्म स्थान मान रही हैं।

इस प्रकार महावीर के जन्मस्थल को लेकर श्वेताम्बर और दिगम्बर परम्पराओं में एकमत भी नहीं हैं। दुर्भाग्य यह है कि इस संबंध में ऐतिहासिक और सम्प्रदाय निरपेक्ष दृष्टि से विचार करने का कोई प्रयत्न ही नहीं किया गया। यद्यपि इस संबंध में विद्वत् वर्ग एवं इतिहासविदों ने कुछ लेख आदि लिखे भी हैं, किन्तु पारम्परिक आग्रहों के चलते उनकी आवाज सुनी नहीं गई।

श्वेताम्बर और दिगम्बर पक्षों की ओर से भी महावीर के जन्म स्थल को लेकर कुछ लेख एवं पुस्तिकाओं का प्रकाशन भी हुआ है और उनमें अपने-अपने पक्षों के समर्थन में कुछ प्रमाण भी प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया हैं, किन्तु सामान्यतया जो प्रमाण प्रस्तुत किये गये है वे सभी परवर्तीकालीन ही हैं। प्राचीनतम साहित्यिक एवं पुरातात्विक प्रमाणों को जानने का ही प्रयत्न नहीं किया गया या अपने पक्ष के विरोध में लगने के कारण उनकी उपेक्षा कर दी गई। भगवान् महावीर के संबंध में जो प्राचीनतम प्रमाण उपलब्ध हैं उनमें आचारांग प्रथम श्रुतस्कन्ध लगभग (ई. पू. ५वीं शताब्दी), आचारांग द्वितीय श्रुतस्कन्ध लगभग (ई. पू. प्रथम–द्वितीय शताब्दी), सूत्रकृतांग (ई. पू. दूसरी–तीसरी शताब्दी), कल्पसूत्र (ई. पू. लगभग दूसरी शताब्दी) हैं। कल्पसूत्र में महावीर के विशेषणों की चर्चा उपलब्ध हैं। उसमें उन्हें ज्ञात ज्ञातपुत्र, ज्ञातृकुलचंद, विदेह, विदेहदिन्ने अर्थात् विदेहदिन्ना के पुत्र, विदेहजात्य, विदेहसुकुमार आदि विशेषणों से संबोधित किया गया हैं।[१] ज्ञातव्य है कि ये ही सब विशेषण आचारांग द्वितीय श्रुतस्कन्ध के पन्द्रहवें अध्याय में भी उपलब्ध है (देखे–आचारांगसूत्र द्वितीय श्रुतस्कन्ध–मुनि आत्मारामजी–लुधियाना पृ. १३७३)। इस विशेषणों में भी विदेहजात्य विशेषण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि एक बार वैदेही या वैदेही के पुत्र मानकर यह मान लिया जाय कि ये विशेषण उन्हें उनके मातृपक्ष के कारण दिये गये हो, किन्तु जो विदेहजात्य विशेषण है वह तो स्पष्ट रूप से इस तथ्य को स्थापित करता है कि महावीर का जन्म विदेह क्षेत्र में ही हुआ था, जबकि वर्तमान में मान्य नालंदा के समीप वाला कुण्डलपुर तथा लछवाड़ दोनों ही मगध क्षेत्र में आते है। वे किसी भी स्थिति में विदेह के अन्तर्गत नहीं माने जा सकते। अतः महावीर का जन्म स्थान यदि किसी क्षेत्र में खोजा जा सकता है तो वह विदेह का ही भाग होगा, मगध का नहीं हो सकता।

इसी प्रसंग में कल्पसूत्र में यह भी कहा गया है कि **'तीसं वासाइं विदेहंसि कट्टु'** अर्थात् ३० वर्ष विदेह क्षेत्र में व्यतीत करने के पश्चात् माता-पिता के स्वर्गगमन के बाद गुरू एवं वरिष्ठजनों की अनुज्ञा प्राप्त करके उन्होंने प्रव्रज्या ग्रहण की।[२]

महावीर का विदेहजात्य होना और गृहस्थावस्था के ३० वर्ष विदेह क्षेत्र में व्यतीत करना ये दोनों सबल प्रमाण है जिससे उनके कुण्डलपुर (नालन्दा) और लछवाड़ में जन्म लेने एवं दीक्षित होने की अवधारणा निरस्त हो जाती हैं। श्री सीताराम राय ने महावीर के जन्म स्थान को लछवाड़ सिद्ध करने के लिए और वहीं से दीक्षित होकर कुछ ग्रामों में अपनी विहार यात्रा करने का संकेत देते हुए उन ग्रामों के नामों की समरूपता को चूर्णि के आधार पर सिद्ध करने का प्रयत्न भी किया। किन्तु उनके इस प्रयत्न की अपेक्षा जिन विद्वानों ने उनका जन्म स्थान वैशाली के निकट कुण्डग्राम बताया है और आवश्यकचूर्णि के माध्यम से उनके दीक्षित होने के पश्चात् ही विहार यात्रा के ग्रामों का समीकरण कोल्लागसन्निवेश (वर्तमान कोल्हुआ) आदि से किया है वह अधिक युक्तिसंगत प्रतीत होता हैं। कोल्लाग को सन्निवेश कहने का तात्पर्य यही है कि वह किसी बड़े नगर का उपनगर (कॉलोनी) था और यह बात वर्तमान में वैशाली के निकट उसकी अवस्थिति से बहुत स्पष्ट हो जाती है। कल्पसूत्र में उनके दीक्षा स्थल का उल्लेख करते हुए स्पष्ट रूप से यह कहा गया है कि उन्होंने ज्ञातृखण्डवन में अशोक वृक्ष के नीचे दीक्षा स्वीकार की।[३] इससे यह भी सिद्ध होता है कि ज्ञातृ खण्डवन ज्ञातृवंशीय क्षत्रियों के अधिकार का वन क्षेत्र था और ज्ञातृवंशीय क्षत्रिय जिनका कुल लिच्छवी था, वैशाली के समीप ही निवास करते थे। आज भी उस क्षेत्र में जथेरिया क्षत्रियों का निवास देखा जाता हैं। जथेरिया शब्द मूलतः ज्ञातृ का ही अपभ्रंश रूप हैं, अतः यह सिद्ध होता है कि महावीर का जन्म स्थान वैशाली के निकट कुण्डलपुर ही हो सकता है। वैशाली से जो एक मुहर प्राप्त हुई हैं उसमें स्पष्ट रूप से वैशालीकुण्ड ऐसा उल्लेख हैं। इससे भी यह सिद्ध होता है कि क्षत्रिय कुण्ड, ब्राह्मण कुण्ड, कोल्लाग आदि वैशाली के ही उप नगर थे। वैशाली गणतंत्र था और इन उपनगरों के नगर प्रमुख भी राजा ही कहे जाते होगें। अतः भगवान् महावीर के पिता सिद्धार्थ को राजा मानने में कोई आपत्ति नहीं आती। पुनः

कल्पसूत्र में उन्हें राजा न कहकर मात्र क्षत्रिय कहा गया हैं। भगवान् महावीर का जन्म स्थान वैशाली का निकटवर्ती कुण्डग्राम ही हो सकता है, इसका एक प्रमाण यह भी है कि भगवान महावीर को सूत्रकृतांग जैसे प्राचीन आगम में (१/२/३/२२) ज्ञातृपुत्र के साथ-साथ वैशालिक भी कहा गया हैं। उनके वैशालिक कहे जाने की सार्थकता तभी हो सकती है जबकि उनका जन्म स्थल वैशाली के निकट हो।

एवं से उदाहु अणुत्तरणाणी अणुत्तरदसी अणुत्तरणाणदंसणधरे।
अरहा-णायपुत्ते भगवं वेसालिए वियाहिए ।।

—सूत्रकृतांक १/२/३/२२

कुछ लोगों का यह तर्क की उनके मामा अथवा नाना चेटक वैशाली के अधिपति थे अथवा माता वैशालिक थी इसलिये उन्हें वैशालिक कहा गया। किन्तु यह तर्क समुचित नहीं हैं, क्योंकि मामा या नाना के गांव के निवास स्थान के आधार पर किसी व्यक्ति को तद् नाम से पुकारे जाने की परम्परा नहीं रही हैं। दूसरे हम यदि यह भी मान ले कि महावीर का ननिहाल वैशाली था और इसलिये वे वैशालिक कहे जाते है तो एक संभावना यह भी मानी जा सकती है कि अपने ननिहाल में जन्म होने के कारण उन्हें वैशालिक कहा गया हो। नाता के पितृगृह अथवा संतान के ननिहाल में जन्म लेने की परम्परा तो वर्तमान में भी देखी जा सकती हैं। किन्तु जैसा पूर्व में कहा है कि उन्होंने तीस वर्ष तक विदेह में निवास करने के पश्चात् दीक्षा ग्रहण की (कल्पसूत्र ११० प्रा. भा. सं. पृ. १६०) इस आधार पर यह बात पूर्णतः निरस्त हो जाती है कि उन्हें अपने ननिहाल के कारण वैशालिक कहा जाता था।

एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह उठाया जाता है कि महावीर के पिता राजा थे। किन्तु प्रश्न यह है कि वे किस प्रकार के राजा थे— स्वतंत्र राजा थे या गणतंत्र के राजा थे। उन्हें स्वतंत्र राजा नहीं माना जा सकता । क्योंकि कल्पसूत्र में अनेक स्थलों पर तो 'सिद्धत्थे खत्तिये' अर्थात् 'सिद्धार्थ क्षत्रिय' ही कहा गया है।[४] राजगृह का मगध राजवंशी साम्राज्यवादी था, जबकि वैशाली की परम्परा गणतंत्रात्मक थी। गणतंत्र में तो समीपवर्ती क्षेत्रों में छोटे-छोटे गांवों में स्वायत शासन व्यवस्था संभव थी, परन्तु साम्राज्यवादी

राजतंत्रों में यह संभावना नहीं हो सकती। अत: हम नालंदा के समीपवर्ती कुण्ड़लपुर को अथवा लछवाड़ को महावीर का जन्मस्थान एवं पितृगृह स्वीकार नहीं कर सकते, क्योंकि मगध का साम्राज्य इतना बड़ा था कि उसके निकटवर्ती नालंदा या लछवाड़ में स्वतंत्र राजवंश संभव नहीं। वैशाली गणतंत्र में उसकी महासभा में ७७०७ गणराजा थे।[५] यह उल्लेख भी त्रिपिटक साहित्य में मिलता हैं। अत: महावीर के पिता सिद्धार्थ को गणराजा मानने में कोई आपत्ति नहीं आती। क्षत्रियकुण्ड के वैशाली के समीप होने से या उसका अंगीभूत होने से महावीर को वैशालिक कहा जाना तो संभव होता है। यदि महावीर का जन्म नालंदा के समीप तथाकथित कुण्डलपुर में हुआ होता तो उन्हें या तो नालंदीय या राजगृहिक ऐसा विशेषण मिलता था, वैशालिक नहीं। जहां तक साहित्यिक प्रमाणों का प्रश्न हैं गणणीज्ञानमति माताजी एवं प्रज्ञाश्रमणी चंदनमतिजी ने नालंदा के समीपवर्ती तथाकथित कुण्डलपुर को महावीर की जन्मभूमि सिद्ध करने के लिये पुराणों और दिगम्बर मान्य आगम ग्रन्थों से कुछ सन्दर्भ दिये हैं। राजमलजी जैन से इसके प्रतिपक्ष में महावीर की जन्मभूमि कुण्डलपुर नामक पुस्तिका लिखी और उन प्रमाणों की समीक्षा भी की हैं। हम उस विवाद में उलझना तो नहीं चाहते है, किन्तु एक बात बहुत स्पष्ट रूप से समझ लेना आवश्यक है कि दिगम्बर परम्परा के आगम तुल्य ग्रन्थ कषायपाहुड़, षट्खण्डागम आदि के जो प्रमाण इन विद्वानों ने दिये है, उन्हें यह ज्ञात होना चाहिये कि इन दोनों ग्रन्थों के मूल में कही भी महावीर के जन्मस्थान आदि के सन्दर्भ में कोई उल्लेख नहीं हैं। जो समस्त उल्लेख प्रस्तुत किये जा रहे हैं वे उनकी जयधवला और धवला टीकाओं से है जो लगभग ९वीं-१०वीं शताब्दी की रचनाएं हैं। इसी प्रकार जिन पुराणों से सन्दर्भ प्रस्तुत किये जा रहे हैं वे भी लगभग ९वीं शताब्दी से लेकर १६वीं शताब्दी के मध्य रचित हैं। अत: ये सभी प्रमाण चूर्णि साहित्य से भी परवर्ती ही सिद्ध होते हैं। अत: उन्हें ठोस प्रमाणों के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। केवल सहायक प्रमाण ही कहे जा सकते । इस संदर्भ में श्री राजमलजी जैन ने इस बात को भी बहुत स्पष्ट रूप से सिद्ध किया है कि इन प्रमाणों में भी एक दो अपवादों को छोड़कर सामान्यतया कुण्डपुर का ही उल्लेख हैं। कुण्डलपुर के उल्लेख तो

विरल ही है और जो है वे भी मुख्यतया परवर्ती ग्रन्थों के ही हैं। यहाँ हमें यह ध्यान रखने की आवश्यकता है कि जब क्रमशः महावीर के जीवन के साथ चमत्कारिक घटनाएं जुड़ती गई, तो अहोभाव के कारण क्षत्रियकुण्ड और ब्राह्मणकुण्ड को भी नगर या पुर कहा जाने लगा। यदि हम कल्पसूत्र (पृष्ठ ४४) को भी आधार माने तो स्पष्ट रूप से क्षत्रियकुण्डग्राम और ब्राह्मणकुण्डग्राम का ही उल्लेख हैं। हां यहाँ इन्हें जो 'खत्तीयकुण्डगामेनयरे' कहा गया है उसमें ग्राम नगर शब्द से यही भाव अभिव्यक्त होता है कि ये दोनों मूलतः तो ग्राम ही थे किन्तु वैशाली नगर के निकटवर्ती होने के कारण इन्हें ग्राम नगर संज्ञा प्राप्त हो गई थी। वर्तमान में भी किसी बड़े नगर के विस्तार होने पर उसमें समाहित गांव नगर नाम को प्राप्त हो जाते हैं। वस्तुतः क्षत्रियकुण्ड ही महावीर की जन्मभूमि प्रतीत होती है और स्पष्टतया यह वैशाली का ही एक उपनगर सिद्ध होता हैं। ज्ञातव्य है कि वैशाली का मूल नाम विशाला था। विशाल् नगर होने के कारण ही इसका नाम वैशाली पड़ा था। पुरातात्विक साक्ष्यों की दृष्टि से वैशाली, नालंदा और लछवाड़ (जो जमुई के निकट हैं) की प्राचीनता में कोई संदेह नहीं किया जा सकता। किन्तु प्राचीन साहित्य में नालंदा के समीप किसी कुण्डपुर या कुण्डलपुर का कोई उल्लेख प्राप्त नहीं हैं। वर्तमान लछवाड़, जो जमुई के निकट है और जमुई के संबंध में साहित्यिक और पुरातात्विक दोनों ही प्रमाण उपलब्ध हैं। कल्पसूत्र में भगवान महावीरस्वामी के केवलज्ञान स्थान का जो उल्लेख मिलता है उसमें यह कहा गया है कि जंभीयगामस्स अर्थात् जम्भिक ग्राम के बाहर ऋजुवालिका नदी के किनारे वैय्यावृत्त चैत्य के न अधिक दूर न अधिक समीप शामक गाथापति के काष्टकरण में शालवृक्ष के नीचे गौदोहिक आसान में उकड़ूँ बैठे हुए आतापना लेते हुए षष्टभक्त उपवास से युक्त हस्तोत्तरा नक्षत्र का योग होने पर वैशाख शुक्ला दशमी को अपराह्न में भगवान महावीर को केवलज्ञान हुआ था।[६]

इससे वर्तमान लछवाड़ की विशेष रूप से जृम्भिका ग्राम की प्राचीनता तो सिद्ध हो जाती है किन्तु यह महावीर का जन्मस्थल है यह बात सिद्ध नहीं होती हैं। प्राचीन जो भी उल्लेख है वे मूलतः क्षत्रियकुण्ड से संबंधित ही हैं। वैशाली के समीप वासोकुण्ड को महावीर का जन्मस्थल मानने के संबंध में

केन्द्रिय शासन और इतिहासज्ञ वर्ग ने जो निर्णय लिया है, वह समुचित प्रतीत होता है।

इसका एक प्रमाण यह भी है कि वैशाली से प्राप्त एक मुद्रा पर वैशालीनामकुण्डे ऐसा स्पष्ट लिखा हुआ हैं। इससे भी यह सिद्ध होता है कि वैशाली के निकट कोई कुण्डग्राम रहा होगा और यही कुण्डग्राम क्षत्रियकुण्ड और ब्राह्मणकुण्ड ऐसे दो विभागों में विभाजित रहा होगा। अतः भगवान महावीर के जन्म स्थान को वैशाली के निकटवर्ती वासोकुण्ड को ही क्षत्रियकुण्ड मानना चाहिये। इस संबंध में एक परम्परागत अनुश्रुति यह भी है कि वासोकुण्ड के उस स्थल को जिसे महावीर का जन्म स्थान माना गया है उस पर आज तक भी हल नहीं चलाया गया है और वहां के निवासी शासकीय एवं विद्वानों के निर्णय के पूर्व भी उस स्थान को महावीर की जन्मभूमि के रूप में उल्लेखित करते रहे हैं। जहां तक नालंदा के समीपवर्ती कुण्डलपुर का प्रश्न है उसे तो महावीर का जन्मस्थल नहीं माना जा सकता, क्योंकि महावीर जब-जब भी राजगृही आते थे तब-तब वर्षावास के लिये नालंदा को ही प्रमुखता देते थे। अतः यह तो स्वाभाविक है कि नालंदा के साथ महावीर की स्मृतियां जुड़ी रही हैं। किन्तु उसे उनकी जन्मभूमि स्वीकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि न तो वहां ज्ञातृवंशीय क्षत्रियों का आवास ही था और न मगध जैसे साम्राज्य की राजधानी के एक उपनगर में किसी अन्य राजा का राज्य होने की संभावना थी। जमुई के निकटवर्ती लछवाड़ को लछवाड़ नाम कब मिला यह गवेषणा का विषय हैं। जमुई की प्राचीनता तो निर्विवाद है और उसका संबंध भी महावीर के केवलज्ञान स्थल का निकटवर्ती होने से महावीर के साथ जुड़ा हुआ हैं। किन्तु उसे महावीर का जन्मस्थान न मानकर आगमिक प्रमाणों के आधार पर केवलज्ञान स्थल ही माना जा सकता। इस संबंध में विस्तृत चर्चा महावीर की कैवल्यभूमि के प्रसंग में करेंगे।

श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों ही परम्पराओं के ग्रन्थों में क्षत्रियकुण्ड या कुण्डपुर की अवस्थिति विदेहक्षेत्र में बताई गई हैं। इस तथ्य की पुष्टि दिगम्बर परम्परा के कुछ ग्रन्थों के सन्दर्भ श्री राजमलजी जैन ने प्रस्तुत किये हैं। पूज्यपाद देवनंदी की निर्वाणभक्ति में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया है कि सिद्धार्थ राजा के पुत्र ने भारत देश के विदेह कुण्डपुर में देवी प्रियकारिणी

को सुखद स्वप्न दिखाए और चैत्र शुक्ला त्रयोदशी को उसने उन्हें जन्म दिया। इसी प्रकार आचार्य जिनसेन ने (नवीं शती) हरिवंश पुराण में भारत देश के विदेह क्षेत्र के कुण्डपुर में महावीर के जन्म का उल्लेख किया हैं। इसी क्रम में उत्तरपुराण के रचियता गुणभद्र ने (विक्रम की दसवीं शताब्दी) महावीर के जन्म स्थान कुण्डपुर को भारत के विदेह क्षेत्र में अवस्थित बताया हैं। इसी पुराण के ७५वें सर्ग में भी 'विदेहविषयेकुण्डसंज्ञायां' पुरी के रूप में उल्लेखित किया गया हैं। आचार्य पुष्पदंत ने वीरजिनंदचरिउ (विक्रम की ग्यारहवीं शताब्दी) में वैशाली कुण्डपुरे ऐसा उल्लेख किया हैं। इससे भी ऐसा लगता है कि महावीर की जन्म स्थली कुण्डपुरी वैशाली के निकट ही रही। इसी प्रकार दामनंदी ने (१०वीं - ११वीं शताब्दी) महावीर के जन्म स्थान कुण्डपुर को विदेह में स्थित बताया हैं। इसी तथ्य को असग (ग्यारहवीं शताब्दी) ने वर्धमान चरित्र में पुष्ट किया हैं। वे भी महावीर की जन्मस्थली कुण्डपुर की अवस्थिति विदेह क्षेत्र में बताते हैं। श्रीधर रचित वड्ढमानचरिउ (लगभग बारहवीं शती) में भी कुण्डपुर को विदेह क्षेत्र में माना गया हैं। सकलकीर्ति ने वर्धमान चरित्र में कुण्डपुर को विदेह क्षेत्र में अवस्थित माना हैं। पुनः मुनि धर्मचंद ने गौतमचरित्र (१७वीं शताब्दी) में कुण्डपुर को भरतक्षेत्र में विदेह प्रदेश के अन्तर्गत स्वीकार किया हैं। इस प्रकार हम देखते है कि लगभग ईसा की ५वीं शताब्दी से लेकर १७वीं शताब्दी तक दिगम्बर आचार्य एवं भट्टारक कुण्डपुर को विदेह ट्टा क्षेत्र में अवस्थित ही मान रहे हैं। ज्ञातव्य है कि यहां हमने केवल उन्हीं सन्दर्भों को उल्लेखित किया है, जिनमें कुण्डपुर को स्पष्ट रूप ये विदेह क्षेत्र में अवस्थित बताया गया हैं। महावीर के जन्मस्थल कुण्डपुर होने के तो अन्य भी कई सन्दर्भ है, जिसकी चर्चा श्री राजमल जैन ने की हैं। वस्तुतः महावीर का जन्मस्थल विदेहक्षेत्र में स्थित वैशाली का निकटवर्ती कुण्डपुर नामक उपनगर ही रहा हैं।

यह सत्य है कि परवर्ती साहित्य में कहीं-कहीं कुण्डपुर के कुछ उल्लेख मिलते हैं। जिनकी स्पष्ट समीक्षा श्री राजमलजैन ने की हैं। हम यहां कुण्डपुर और कुण्डलपुर के विवाद में नहीं पड़ना चाहते। श्वेताम्बर सन्दर्भ तो मूलतः कुण्डग्राम के ही हैं, और उसमें भी स्पष्ट रूप से क्षत्रियकुण्ड के हैं। श्वेताम्बर परम्परा में १४वीं शताब्दी में आचार्य जिनप्रभसूरि ने

विविधतीर्थकल्प की रचना की थी। उन्होंने भी महावीर का जन्मस्थल कुण्डग्राम ही उल्लेखित किया हैं। श्री राजमलजी जैन ने अपनी पुस्तक महावीर की जन्म भूमि कुण्डपुर में जो यह उल्लेख किया है कि कुण्डपुर ही १३वीं शताब्दी तक कुण्डग्राम हो गया होगा, यह उनकी भ्रान्ति हैं। जैसा कि हमने पूर्व में उल्लेख किया है कल्पसूत्र आदि में स्पष्ट रूप से कुण्डग्राम का ही उल्लेख है, कुण्डपुर का नहीं। हाँ इतना अवश्य है कि आगमों के कुण्डपुरग्रामनगर ऐसा उल्लेख भी मिलता हैं। मेरी दृष्टि में ग्राम, नगर ऐसा समासपद ग्रहण करनेपर इसका अर्थ नगर का समीपवर्ती गांव या वह गांव कालान्तर में किसी नगर का भाग या उपनगर बन गया हो।

यहां एक महत्वपूर्ण बात यह है कि गणनी ज्ञानमति माताजी ने भी कुण्डलपुर का पक्ष लेते हुए भी उसे विदेह में स्थित तो माना ही हैं। अब यह प्रश्न उठता है कि, क्या दिगम्बर परम्परा के द्वारा मान्य नालंदा के समीप स्थित कुण्डलपुर अथवा श्वेताम्बर परम्परा के द्वारा मान्य जमुई के निकटवर्ती लछवाड़ को विदेह क्षेत्र में स्थित माना जा सकता हैं? प्राचीन भारत के भूगोल का अध्ययन करने पर यह बात बहुत स्पष्ट हो जाती है कि वर्तमान कुण्डलपुर और लछवाड़ दोनों ही मगध क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। वे किसी भी स्थिति में विदेह क्षेत्र में स्थित नहीं माने जा सकते। क्यों प्राचीन भारतीय भूगोल के अनुसार विदेहक्षेत्र की सीमा का स्पष्ट रूप से निर्धारित थी। इसकी पश्चिमी सीमा गण्डकी नदी (वर्तमान धाधरा) और पूर्वी सीमा कोशिकी नदी थी। दक्षिण में विदेह क्षेत्र की सीमा निर्धारण गंगा नदी और उत्तर में हिमालय पर्वत निर्धारित करता था। यदि महावीर के जन्म स्थान की खोज कहीं करनी होगी तो इस विदेह क्षेत्र की सीमा में ही करनी होगी और यह एक सुनिश्चित सत्य है कि नालंदा समीपस्थ कुण्डलपुर और जमुई के समीप स्थित लछवाड़ दोनों ही विदेह क्षेत्र की सीमा के बाहर है और मगध क्षेत्र की सीमा के अन्तर्गत आते हैं। अतः साहित्यिक प्रमाण स्पष्ट रूप से वैशाली के निकट वर्तमान वासुकुण्ड के पक्ष में ही जाते हैं। पुरातात्विक दृष्टि से जैसा कि हमने पूर्व में उल्लेख किया है कि नालंदा जमुई और वैशाली तीनों ही अपना अस्तित्व ई. पू. ६वीं शताब्दी में रखते हैं। यह भी सत्य है कि भगवान महावीर जब भी राजगृही आये है और यहां वर्षावास

का निश्चय किया है तो उन्होंने अपना चातुर्मास स्थल नालंदा को ही चुना। पुरातात्विक साक्ष्यों से यह भी सिद्ध है कि महावीर के काल में नालंदा राजगृही का एक उपनगर या सन्निवेश माना जाता था। वर्तमान में जो बड़गांव कुण्डलपुर में दिगम्बर और श्वेताम्बर मंदिर है उनमें स्थित प्रतिमाएं सोलहवीं शताब्दी के पूर्व की नहीं हैं। नालंदा की प्राचीनता के संबंध में जो पुरातात्विक प्रमाण उपलब्ध होते है वे अधिकांश बौद्ध परम्परा से ही संबद्ध हैं। जैन परम्परा से संबद्ध अभी तक कोई भी ऐसा पुरातात्विक प्रमाण उपलब्ध नहीं हुआ है जो महावीर के जन्मस्थल पर स्थित किसी प्राचीन मंदिर आदि की अवस्थिति को सिद्ध करे। इसी प्रकार जमुई के निकट स्थित लछवाड़ में प्राचीन अवशेष उपलब्ध होते हैं। लेखक स्वयं जिस समय लछवाड़ गया था उस समय वहां नये मंदिर के निर्माण के लिये प्राचीन मंदिर को गिरा दिया गया था। यद्यपि जिस मंदिर को गिराया गया था, वह तो अतिप्राचीन नहीं था, किन्तु उसके नीचे जो चबूतरा था उस चबूतरे में तथा उस चबूतरे को खोदने पर निकली साम्रगी में लेखक को कुछ प्राचीन ईंटों के खण्ड उपलब्ध हुए थे जो कम से कम मौर्य काल के पश्चात् के और गुप्ता काल के पूर्व के थे। मंदिर में जो मूलनायक महावीर स्वामी की प्रतिमा थी, वह स्पष्ट रूप से पालकालीन अर्थात् - ९-१०वीं शताब्दी की थी। इससे यह तो निश्चित होता है कि लछवाड़ में महावीर की स्मृति में ही प्राचीनकाल में कोई मंदिर अवश्य बना था, किन्तु यह महावीर का जन्मस्थल था यह स्वीकार करने में अनेक बाधाएं हैं। इस संबंध में डॉ. सीताराम राय का एक लेख श्रमण, अगस्त १९८९ में प्रकाशित हुआ था। उन्होंने लछवाड़ को महावीर का जन्म स्थान स्वीकार किये जाने के सन्दर्भ में एक तर्क यह दिया है कि कल्पसूत्र का कुण्डग्राम पहाड़ी क्षेत्र में अवस्थित था जबकि वैशाली के पास वसुकुण्ड में पहाड़ों का नामो-निशान नहीं हैं। किन्तु लेखक ने यह निर्णय कैसे ले लिया कि कल्पसूत्र में कुण्डग्राम को पहाड़ी क्षेत्र में अवस्थित बताया गया हैं। कल्पसूत्र में एवं आचारांग सूत्र के द्वितीय श्रुतस्कन्ध में महावीर के जन्म स्थल का पहाड़ी क्षेत्र में अवस्थित होना कहीं भी उल्लेखित नहीं हैं। इसी प्रकार लेखक ने यह भी लिखा है कि महावीर गृहस्थ जीवन के परित्याग के अवसर पर कुण्डग्राम का परित्याग कर उससे उत्तर-

-पश्चिम की ओर पहाड़ की ओर ज्ञातृखण्डवन पहुँचने का वर्णन मिलता हैं, किन्तु यहां भी पहाड़ की कल्पना लेखक की कल्पना है। आचारांग, कल्पसूत्र यहां तक की आवश्यकचूर्णि में भी जहां ज्ञातीय वनखण्ड का उल्लेख है, वहां भी कहीं पहाड़ आदि होने का उल्लेख नहीं हैं। सीताराम राय ने जमई अनुमण्डल के लछवाड़ को जो महावीर का जन्म स्थल मानने का प्रयत्न किया है और उसकी पुष्टि में आवश्यकचूर्णि में उल्लेखित उनकी विहारयात्रा के कुछ गांव यथा – कुमार, कोल्लागं, मोरक, अस्थिय ग्राम का समीकरण वर्तमान कुमार, कोन्नाग, मोरा और अस्थावा से करने का जो प्रयत्न किया है, वह नाम साम्य को देखकर तो थोड़ा सा विश्वसनीय प्रतीत होता है किन्तु जब हम इनकी दूरियों का विचार करते है तो वैशाली के निकटवर्ती कुमार, कोल्हुवा, अस्थिय गांव आदि से ही अधिक संगति मिलती हैं। वर्तमान में भी भिन्न-भिन्न प्रदेशों और मण्डलों में समान नाम वाले गांवो के नाम उपलब्ध हो जाते हैं। वस्तुतः डॉ. सीताराय ने जो समीकरण बनाने का प्रयास किया है वह दूरियों के हिसाब से समुचित नहीं हैं। उन्होंने जमुई से वर्तमान पावा की आगमों में उल्लेखित १२ योजन की दूरी को आधुनिक पावापुरी से समीकृत करने का जो प्रयत्न किया है वह तो किसी भी रूप में मान्य नहीं हो सकता। लेखक ने स्वयं भी जमुई से पावापुरी तक की यात्रा की हैं। बारह योजन की दूरी का तात्पर्य लगभग १६० कि. मी. होता है, जबकि जमुई से पावापुरी की दूरी मात्र ६० कि.मी. के लगभग हैं। अतः चाहे जमुई को महावीर का केवलज्ञान का स्थान मान भी लिया जाय तो उससे वर्तमान पांवा की दूरी आगमिक आधारों पर समुचित सिद्ध नहीं होती।

वर्धमान महावीर के वैशालिक होने का एक अन्य प्रमाण हमें थेरगाथा की अट्ठकथा (व्याख्या) में मिलता हैं। थेरगाथा में वर्धमान थेर का उल्लेख हैं। उनमें कहा गया है कि दान के पुण्य के परिणाम स्वरूप वर्धमान देवलोक से च्युत होकर गौतमबुद्ध के जन्म लेने पर वैशाली के लिच्छवी राजकुल में उत्पन्न होकर प्रव्रज्या ग्रहण की। (इमस्मिं बुद्धुप्पादे वेसालियं लिच्छवि राजकुले निब्बत्ति वडढमानो तिस्स नामं अहोसि —। थेरगाथा अट्ठकथा नालन्दा संस्करण पृ. १५३) इस प्रकार यहां उन्हें वैशाली के लिच्छवी

राजकुल में जन्म लेने वाला बताया गया। यद्यपि परम्परागत विद्वानों का यह विचार हो सकता है कि यह वर्धमान बौद्ध परम्परा में दीक्षित कोई अन्य व्यक्ति होंगे, किन्तु हमारा यह स्पष्ट अनुभव है कि जिस प्रकार ऋषिभाषित सभी अर्हतऋषि निर्ग्रन्थ परम्परा के नहीं है, उसी प्रकार थेरगाथा में वर्णित सभी स्थविर बौद्ध नहीं हैं। वैशाली के लिच्छवी राजकुल में उत्पन्न बुद्ध के समकालिक वर्धमान थेर वर्धमान महावीर से भिन्न नहीं माने जा सकते। थेरगाथा की अट्ठकथा के अनुसार उन्होंने आंतरिक और बाह्य संयोगों को छोड़कर, रूपराग, अरूपराग तथा भवराग को समाप्त करने का उपदेश दिया तथा यह कहा है कि अनुकूल और प्रतिकूल परस्थितियों को साक्षीभाव से देखते हुए भवराग और संयोजनो का प्रहाण संभव हैं। क्योंकि उनके ये विचार आचारांग एवं उत्तराध्ययन में भी मिलते हैं। इस उपदेश से यह स्पष्ट हो जाता है कि थेरगाथा में वर्णित वर्धमान थेर अन्य कोई नहीं, अपितु वर्धमान महावीर ही हैं। इस आधार पर भी यह सिद्ध होता है कि महावीर का जन्म वैशाली के लिच्छवी कुल में हुआ था। महावीर के प्रवर्जित होने का उल्लेख करते समय यहां स्पष्ट रूप से यह कहा गया है कि संवेग (वैराग्य) उत्पन्न होने पर उन्होंने अग्निकर्म का त्याग करके संघ से क्षमायाचना* करके कर्म परम्परा को देख करके प्रव्रज्या ग्रहण की। यह समग्र कथन भी जैन (निर्ग्रन्थ) परम्परा के अनुकूल ही हैं। अतः इससे भी यही सिद्ध होता है कि थेरगाथा के वैशाली के लिछवी कुल उत्पन्न वर्धमान थेर वर्धमान महावीर ही हैं। इस प्रकार बौद्ध त्रिपिटक साहित्य भी महावीर के जन्म स्थल के रूप में विदेह के अन्तर्गत वैशाली को ही मानते हैं।

पाश्चात्य विद्वानों में हरमनजैकोबी, हार्नले, विसेण्टस्मिथ, मुनिश्री कल्याणविजयजी, डॉ. जगदीशचन्द्र जैन, ज्योतिप्रसाद जैन, पं. सुखलालजी आदि जैन-अजैन सभी विद्वान वैशाली के निकटस्थ कुण्डग्राम को ही महावीर का जन्म स्थल मानते हैं।

बौद्धग्रन्थ महावग्ग (ईस्वीपूर्व ५वीं शती) में वैशाली के तीन क्षेत्र माने गये हैं। १. वैशाली, २. कुण्डपुर एवं ३. व्राणिज्यग्राम। महावीर का

---

* ज्ञातव्य है आचारांग सूत्र में भी दीक्षा ग्रहण करते समय महावीर यह निर्णय लेते है कि मैं सबके प्रति क्षमाभाव रखूंगा – – (सम्मं सहिस्सामि इर्वामिस्सामि)।

लिच्छवी राजकुल में जन्म मानने पर भी यह स्पष्ट है कि महावग्ग के अनुसार वैशाली में ७७०७ राजा थे। अत: महावीर के पिता को राजा मानने में बौद्ध साहित्य से भी कोई आपत्ति नहीं हैं। क्योंकि वहाँ राजा शब्द का अर्थ वैशाली महासंघ की संघीय सभा का सदस्य होना ही हैं।

कुण्डग्राम की वसुकुण्ड से समानता के संबंध में डॉ. श्यामानंद प्रसाद की यह आपत्ति की वसुकुण्ड में केवल कुण्ड शब्द की ही समानता है, वसु शब्द न तो ब्राह्मण का पर्यायवाची हो सकता है, न क्षत्रिय का। अत: उनका कहना है कि वर्तमान वसुकुण्ड को महावीर का जन्म स्थान नहीं माना जा सकता। किन्तु डॉ. प्रसाद ने मूलआगम साहित्य को शायद देखने का प्रयास नहीं किया। आचारांगसूत्र में वसु[७] और वीर[८] शब्द का प्रयोग श्रमण के अर्थ में हुआ हैं। मात्र यही नहीं वसु शब्द का एक अर्थ जिनदेव या वीतराग भी उपलब्ध होता हैं। वस्तुत: यह संभव है कि भगवान महावीर के संयमग्रहण करने के बाद इस क्षेत्र को क्षत्रियकुण्ड के स्थान पर वसुकुण्ड कहा जाने लगा। वर्तमान लछवाड़ के समीप जो ब्राह्मणकुण्ड और क्षत्रियकुण्ड की कल्पना की गई है वहां इस तरह की कोई बसाहट नहीं है। महना को ब्राह्मणकुण्ड भी नहीं माना जा सकता। ब्राह्मणकुण्ड और क्षत्रियकुण्ड नाम तो उन्हें महावीर के जन्मस्थल मान लेने पर दिये गये हैं। इस प्रकार मेरी यह सुनिश्चित धारणा है कि लछवाड़ के समीप जमुई मण्डल के इस क्षेत्र का संबंध महावीर के साधना एवं केवलज्ञान स्थल से अवश्य रहा हैं। यह भी सत्य है कि जिसे वर्तमान में लछवाड़ उसका संबंध लिच्छविया से हो सकता है, किन्तु इस नाम की भी प्राचीनता कितनी है यह शोध का विषय हैं। डॉ. प्रसाद का यह मानना समुचित नहीं है कि वैशाली को महावीर के जन्म स्थान के रूप में मान्यता १९४८ में मिली। इसके पूर्व भी विद्वानों ने वैशाली के निकट और विदेह क्षेत्र में महावीर का जन्म स्थान होने की बात कही हैं। यह निश्चित है कि लगभग १५-१६वीं शती से श्वेताम्बर परम्परा में लछवाड़ के समीपवर्ती क्षेत्र को महावीर के जन्म स्थान मानने की परम्परा विकसित हुई हैं। भगवान महावीर ने अर्धमागधी भाषा में अपना प्रवचन दिया था इसलिये वे मगध क्षेत्र के निवासी होना चाहिए, ऐसी जो मान्यता लछवाड़ के पक्ष में दी जाती है वह भी समुचित नहीं हैं। यह स्मरण रखना चाहिये कि

महावीर की भाषा मागधी न होकर अर्धमागधी हैं। यदि महावीर का जन्म और विचरण केवल मगध क्षेत्र में ही हुआ होता तो वे मागधी का ही उपयोग करते, अर्धमागधी का नहीं। अर्धमागधी स्वयं ही इस बात प्रमाण है कि उनकी भाषा में मागधी के अतिरिक्त अन्य समीपवर्ती क्षेत्रों की भाषाओं एवं बोलियों के शब्द भी मिले हुए थे। मैं जमुईअनुमण्डल को महावीर का साधना स्थलएवं केवलज्ञान स्थल मानने में तो सहमत हूँ, किन्तु जन्म स्थल मानने में सहमत नहीं हूँ, अतः महावीर का जन्म स्थल वैशाली के समीप वर्तमान वासुकुण्डही अधिक प्रामाणिक लगता है। जैन समाज को उस स्थान के सम्यक् विकास हेतु प्रयत्न करना चाहिए।

क्रमशः

---

१. समणे भगवं महावीरे नाए, नायपुत्ते, नायकुलवंदे, विदेहे, विदेहदिन्ने, विदेहजच्चे विदेह सूमाले तीसं वासाइं विदेहंसि कट्टु – कल्पसूत्र ११० (प्राकृत भारती संस्करण पृ. १६०)

२. वहीं पृ. १६०

३. णायसंडवणे उज्जागे जेणेव असोकवरपायवे – कल्पसूत्र ११३ (प्राकृत भारती संस्करण पृ. १७०)

४. देखें – कल्पसूत्र ५८, ६७, ६९ (प्रा. भा. सं. पृ. ९६, ११४ आदि)

५. देखें – बुद्धकालीन भारतीय भूगोल – भरत सिंह पृ. ३१३

६. कल्पसूत्र ११९ (प्राकृत भारती संस्करण पृ. १८४)

७. आचारांग १/१७४; ५/५५, ६/३०

८. वही, १/३७,६८.

प्राचीन स्मारकों की रक्षा के बहाने धर्मस्थानों पर सरकारी कब्जा

स्व. प्रभुदास बेचरदास पारेख

धर्मस्थानों को स्मारक मानने की सरकारी नीति मूल से ही गलत है। यह कोई निर्जीव भवन नहीं हैं, ईंट चूने के मकान नहीं हैं, न ही कला-कारीगरी के नमूने हैं। ये तो मनुष्य के आध्यात्मिक विकास में सहायक जीवित आलंबन हैं। ये स्वयं आत्मवाद हैं, चेतना को जगाने-झंझोडने वाले प्रतीक हैं। ये धर्म के प्राण हैं, अतः स्वयं धर्म हैं, और कोई भी कानून धर्म का बाधक नहीं बन सकता।

धर्म का नाश करना हो तो धर्म के प्रतीकों का भी नाश करना पड़ेगा। इस नीति से प्रेरित मनोनुकूल व्याख्या कर धर्म स्थानों को नष्ट करने की नीति बनाई गई है। इसकी प्रथम सीढ़ी के रूप में इनकी रक्षा के बहाने इन पर सरकारी अधिकार जमाना है। इस प्रकार का अधिकार जमाने के लिए ब्रिटिश राज्य ने कानून बनाये और ब्रिटिश राज्य की प्रतिनिधि जैसी वर्तमान सरकार उन कानूनों का अमल करती है। हालाँकि ब्रिटिश सरकार ने भी इस कानून के आधार पर कुछ धर्म स्थानों पर अतीत में कब्जा किया, लेकिन उस समय जनता की धर्म के प्रति श्रृद्धा बहुत अधिक थी। और जनता की यही तीव्र धर्म श्रृद्धा उस शासन को बहुत धीरे धीरे आगे बढ़ने दे रही थी।

जो कानून उस समय शब्द देह में बहुत हल्का था वह १९५१ के पश्चात उग्र स्वरूप धारणकर मूर्तिमंत हुआ है। देशी सरकार को अपनी सरकार मान लेने की भ्रमणा के कारण इस कानून की उग्रता का जनता द्वारा विरोध नहीं, होगा इसलिये कानून की उग्रता अब व्यक्त हो रही है। अलबत्ता, इस कानून की पूर्व भूमिका तो इस कानून से संबंधित विभाग में तैयार ही थी, किंतु कानून का उद्देश्य अत्यंत गंभीर होने से उसका कठोरता से क्रियान्वय करना ब्रिटिश शासन के लिये बहुत ही खतरनाक था।

जैसे जैसे जनता में धर्म भावना की जड़े शिथिल होती जा रही थीं और लोग खोज, इतिहास, शिल्प, नवयुग प्रगति व जमाने की ओर दौड़ने लगे हैं और इन्हीं चीजों में दिमाग अधिक लगाते हैं, वैसे वैसे इस तरह के कानूनों का क्रियान्वय करना आसान होता जा रहा है। धर्मभावनाओं की आंतरिक दृढ़ता पहले के लोगों की तुलना में अपेक्षाकृत अब ढीली पड़ती जा रही है। आज की बाह्य प्रवृत्तियों की ओर बढ़ रहा आदर इसका प्रमाण है। प्रत्येक धर्म के त्यागी और जिम्मेदार धर्मगुरु व मुख्य आगेवान भी बाह्य आडंबर से प्रभावित होकर उसी प्रकार के वातावरण की ओर ढलते जा रहे हैं। इससे धर्मस्थानों पर एक या दूसरे रूप में सरकारी अंकुश की स्थापना बहुत ही सरल होती जा रही है।

इस प्रकार का कानून बनाने का बीज उस मान्यता के अंतर्गत है जिसमें ब्रिटिश सत्ता स्वयं को विश्व का स्वामी समझती है। ब्रिटिश सत्ता की यह दृढ़ मान्यता है कि विश्व में सब कुछ हमारा ही है, और सभी पर हमारा मालिकाना अधिकार है। इस मान्यता को कानून का स्वरूप देकर ब्रिटिश सत्ता उसका अमल करती है।

भारत में धर्मस्थान राज्य या अन्य किसी भी दुन्यवी अधिकार से परे रहे हैं। अन्याय से किसी ने अतीत में चाहे जैसा व्यवहार किया हो, किंतु न्याय की दृष्टि से जो स्थान आज सार्वजनिक सुख-सुविधा के स्थानों का है, उससे भी ज्यादा विशेष महत्त्व धर्मस्थानों का रहता आया है। और इसीलिये दुन्यवी कानूनों से ऐसे स्थानों को परे माना जाता रहा हैं।

ब्रिटिश सत्ता ने इस पूरी वस्तुस्थिति को उलट दिया है। यह सत्ता विश्व का सब कुछ अपनी सत्ता के व अपने अधिकार के तहत है ऐसा मानती है। विश्व की कोई भी वस्तु, एक एक इंच जमीन, आकाश, पाताल, समुद्र आदि सब कुछ अपनी मिलकत हैं ऐसा मानती है, और इस मान्यता को मूर्तिमंत करने की अनेक योजनाएं बनाती है, कानून बनाती है और कानून के द्वारा यह मान्यता सिद्ध करती है कि किसी अन्य की मिलकत के लिए ब्रिटिश सत्ता किस प्रकार कानून बना सकती है?

उदाहरण के लिये, धार्मिक सम्पत्ति की मालिकी तद् तद् धर्म की होती है। उसके व्यवस्थापन के लिए तद् तद् धर्म के अधिकारी उसके लिये

कानून बना सकते हैं। परन्तु ब्रिटिश सत्ता उसके व्यवस्थापन के लिये किस तरह कानून बना सकती है? व उन धर्मस्थानों पर अधिकार जमाने का कानून बाहर की सत्ता कैसे बना सकती है?

परन्तु सन् १६०० से ब्रिटिश सत्ता ने अपने मान लिये गये स्वामित्व को भारत में दृढ़ करना शुरू किया है। ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत में व्यापार करने की छूट देकर रानी एलिजाबेथ ने इसकी नींव रखी। रानी से जब पूछा गया कि दूसरों के देश में व्यापार करने की अनुमति देने की सत्ता आपको किसने दी, तो इस प्रश्न के उत्तर में रानी ने कहा कि राजा (यहां रानी) होने के नाते उनके अपने विशेषाधिकार के तहत यह सत्ता उन्हें है, ऐसा इतिहास से पता लगता है। इस मालिकी/मिलकियत की मान्यता का क्रियान्वय उत्तरोत्तर आगे बढ़ता रहा है और अब इसका अंतिम चरण में प्रवेश हो चुका है। यह बात न तो विद्वान समझे हैं और न धर्मगुरु व राजा महाराजा। तो यह बात अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त लोगों की समझ में तो कहाँ से आएगी? स्वयं भारत के प्रधानमंत्री स्व. नेहरू को भी यह बात समझ में नहीं आई थी ऐसा स्वयं उन्होंने लंदन में कहा था।

संक्षेप में, इस मान्यता के आधार पर भारत के धर्मस्थान भी ब्रिटिश शासन की सम्पति हैं। परन्तु सहसा तो यह बात भारत की जनता को स्वीकार्य नहीं होगी। अतः उन्होंने अपने शासनकाल के दौरान धार्मिक संपत्ति पर कब्जा जमाने के कानून बनाने के बाद उनको नर्मी से अर्थात् पता न चले ऐसे क्रियान्वित करना शुरू किया और अब ब्रिटिश शासन के द्वारा बनाई गई राह पर चलने वाली उसकी उत्तराधिकारी/ अनुगामी सरकार द्वारा उक्त कानूनों का क्रियान्वय तेजी से किया गया है। सरकार हमारी है ऐसे विश्वास से ही लोग उसका ज्यादा विरोध नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा, कुछ लोगों की उत्कृष्ट धर्मभावना के कारण कानून का अमल करना स्थगित रखा गया था उसे अब देशी सरकार (ब्रिटिशों की अनुगामी सरकार) तेजी से क्रियान्वय करने में लग गई है।

धर्मस्थानों को कब्जे में लेने के लिए मुख्यतः निम्मलिखित दो-तीन बहाने किये जाते हैं।

१. युद्ध की स्थिति में खास सुरक्षित रखने योग्य स्थानों की सूची दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे को दी जाती है। उसमें कुछ धार्मिक स्थानों पर इस बहाने से कब्जा कर लिया जाता है। युद्ध का अंत हो जाने के पश्चात् भी उन स्थानों पर सरकार का ही कब्जा रहता है। इन स्थानों को बाद में सुरक्षित स्थानों की सूची से रद्द नहीं किया जाता।

२. प्राचीन शिल्पों की रक्षा के बहाने सरकार कब्जा कर लेती है।

३. प्राचीन शिलालेख अथवा अन्य तरह से इतिहास के अभ्यास में उपयोगी साधन हो तो उसकी रक्षा के लिए सरकार कब्जा कर लेती है।

४. सार्वजनिक उपयोग के योग्य वस्तु हो तो भी सरकार उनपर अधिकार कर लेती है।

ऐसे बहानों के अंतर्गत धर्मस्थानों पर सरकार की मालिकी स्थापन करने की नीति का अमल करना आसान हो जाता है।

और इस कार्य में उपयोगी बने और साथ सहकार दे ऐसी एक पूरी जमात भारत में खड़ी की गई है। प्राचीन / पुरातात्विक खोज / अन्वेषण, ऐतिहासिक खोजों का महत्त्व इतना बढ़ा दिया गया है कि उसमें से ही यह साथ सहकार देने वाली जमात खड़ी हो गई है, जो रक्षा का राग आलापते हुए धर्मस्थानों में सरकार का अधिकार जमाने का मार्ग सरल कर देती है। इस भूलभूलैया में बड़े बड़े धार्मिक नेता व धर्माचार्य भी फंस गये है। शिल्प, इतिहास, खोज सब सत्य का अंग जरूर हैं, पर धर्म से बढ़कर कुछ भी विशेष नहीं है। विदेशी आदर्शों को माननेवाली वर्तमान सरकार के दिल में धर्म का कोई महत्त्व नहीं है। इसीलिए वह प्राचीन शिल्प आदि का बहाना करके कब्जा लेने की ब्रिटिश शासन की नीति का अमल करती है।

एक तरफ वर्तमान सरकार जनता के जीवन में आमूलचूक क्रांति लाने के चक्रों को गतिमान करती है। अर्थात् उसे कोई भी प्राचीन वस्तु प्रिय नहीं है, किसी भी प्राचीन वस्तु को टिकाने की उसकी नीति नहीं है, ऐसा घोषित करती है। दूसरी ओर जब यही सरकार प्राचीन स्थानों की रक्षा के लिए दौड़ आती है तब उसकी इन स्थानों की रक्षानीति के पीछे छिपी बद नियत की गंध आ जाती है। प्राचीन स्थानों की रक्षा के बहाने उनका कब्ज़ा लेकर उनको नष्ट करने की नीति का स्पष्ट अनुमान हो सकता है। जब

मूलभूत क्रांति / परिवर्तन करने का उद्देश्य हो तब धर्म को भी जनता के जीवन से दूर करना ही पड़े और इसके लिए धर्म के सार्वजनिक प्रतीकों का भी नाश करना पड़े। सरकार अपना यह गुप्त उद्देश्य जनता से छिपा कर रखती है।

नवजवान पीढ़ी के दिमाग से परम्परागत धार्मिक व सांस्कृतिक संस्कारों को नष्ट करने के लिए सरकारी नीति धर्मस्थानों का कब्जा लेती है। धर्म जैसी अभेद दीवाल में धर्मस्थानों की रक्षा के बहाने सरकारी नीतियां प्रवेश कर सकती हैं और इसके पीछे पीछे अंतरराष्ट्रीय संगठनों का भी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कब्जा स्थापित हो जाता है। यह राजनैतिक दांवपेच आम जनता की सामान्य समझ में नहीं आता, नहीं आ सकता।

जगत के समस्त पदार्थों पर सर्वाधिकार जमाने का काम किस ईश्वर ने ब्रिटिश सत्ता को सौंपा है? या इस सत्ता ने स्वयं को ही ईश्वर समझ लिया है? न्याय की किस कचहरी ने उनको यह अन्याय करने का अधिकार दिया है? उनकी मान्यता को न्यायोचित माना गया है? तथाकथित शिक्षित अधिक मूर्ख बनते हैं। संस्कृति के नाश में प्रजा का नाश भी सम्मिलित है, इतनी सीधी सी बात भी वे समझ नहीं सकते हैं। पश्चिम संस्कृति ने उनको जितना पढ़ाया, उतना ही वे पढ़े और इसी पढ़ाई की तोता रटंत करते रहते हैं।

एक जानने / समझने योग्य द्रष्टांत :

ब्रिटिश सत्ता के शासनकाल में लॉर्ड कर्झन देलवाड़ा के मंदिर देखने के लिए आए। उनके साथ लालभाई शेठ थे। लॉर्ड कर्झन ने कहा कि, आबू के ये मंदिर तो विश्व की शान हैं। इसमें काल दोष से जो खंडतता हुई है उसे उनकी सरकार मरम्मत करवा देगी।

तत्काल ही शेठ श्री ने उत्तर दिया, नहीं, नहीं, हमारा श्री संघ ही उसे ठीक करवाएगा। हमारी विधवा बहन भी इस कार्य के लिये धर्मभावना से कम से कम एक रुपया देने को तैयार होगी।

लॉर्ड कर्झन को इसमें आपत्ति करने का कोई कारण नहीं था। क्योंकि ऐसे स्थान सरकारी कब्जे के तहत व उसकी मालिकी के अंतर्गत हैं, इस आशय के कानून तो ब्रिटिश सरकार ने पहले ही बनाए हुए थे। अतः उसके चलते भले ही मरम्मत का काम श्री जैन संघ करे।

शेठ के ध्यान में यह मर्म नहीं था। उस समय ऐसा मर्म हो सकता है यह जानना संभव भी नहीं था। अधिकारियों के दिल के कपट का अंदाजा भी उस वक्त के लोगों को आ भी कैसे सकता था?

